प्रादेशिक समाचार बुलेटि
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 19.10.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल एक दिवसीय दौरे पर आयेंगे वाराणसी : छह हजार एक सौ करोड़ रूपये से अधिक की परियोजनाओं का करेंगे लोकार्पण और शिलान्यास।
2. उपचुनाव को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में की अहम बैठक : बसपा ने करहल सीट से अवनीश कुमार शाक्य को घोषित किया उम्मीदवार।
3. राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सर संघ चालक डा. मोहन राव भागवत आज पहुंचे मथुरा : संघ की अखिल भारतीय कार्यकारी मण्डल की बैठक में लेंगे हिस्सा।

और

4. वायु सेना की 92वीं वर्षगांठ समारोह के तहत कानपुर के चकेरी स्टेशन पर आयोजित हुआ एयर–शो : सारंग एरोबेटिक टीम ने अपने प्रदर्शन से किया रोमांचित।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल एक दिवसीय वाराणसी दौरे पर काशी समेत देश से जुड़ी छह हजार एक सौ करोड़ रूपये से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री के आगमन के दौरान पांच स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम किए गए हैं। वाराणसी के पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री के रूट के संपर्क मार्ग बंद रहेंगे। साथ ही सर्विलांस ड्रोन से निगरानी की जायेगी।

*प्रधानमंत्री जी के कल आगमन को लेकर के पुलिस ने सिक्योरिटी के पुख्ता इंतजाम किये हैं। कई लेयर की सुरक्षा व्यवस्था यहां पर की गई है, एक तरफ जहां एसपीजी के जवान तैनात रहेंगे, उसके बाद हमारा पुलिस का घेरा रहेगा, जिसमें लगभग पचास आईपीएस असफसर यहां पर लगाये जा रहे हैं और करीब आठ से नौ हजार के आसपास पुलिसकर्मी इसमें तैनात रहेंगे। एटीएस के माध्यम से हम लोग चप्पे–चप्पे की निगरानी करेंगे। ट्रैफिक की इस तरह से व्यवस्था की गई है कि जो रैली में लोग आ रहे हैं उनको दो सौ मीटर से ज्यादा न चलना पड़े, डायवर्जन भी इस प्रकार से ट्रैफिक किये गये हैं कि आम नागरिकों को किसी भी तरह की असुविधा न हो।*

प्रधानमंत्री अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के दौरे में आरजे शंकर नेत्र चिकित्सालय, वाराणसी स्पोर्टस काम्पलेक्स के पुनर्विकास के दूसरे और तीसरे चरण का उद्घाटन करेंगे। पेश है हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट....

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को दीपावली की सौगात देने के लिए 20 अक्टूबर को वाराणसी पहुंचेंगे। अपने सांसद का ग्रैंड वेलकम करने के लिए काशी तैयार है। तीसरी बार वाराणसी से सांसद और प्रधानमंत्री बनने के बाद काशी को पीएम मोदी विकास की परियोजनाओं की सौगात देंगे। इसमें*

*वाराणसी की 380.13 करोड़ की लागत की परियोजनाओं का लोकार्पण और 2874.17 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास होगा। प्रधानमंत्री स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल, धर्म, पर्यटन से रोजगार, आवास, विमानन जैसी कई सुविधाओं का लोकार्पण करके जनता को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री वाराणसी एयरपोर्ट के विस्तारीकरण व नए टर्मिनल भवन की नींव भी रखेंगे। वह आरजे शंकरा नेत्र चिकित्सालय को आमजन के लिए लोकार्पित करेंगे और सिगरा स्पोर्ट्स स्टेडियम में 20 हजार से अधिक लोगो से संवाद करेंगे। प्रधानमंत्री की अगवानी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदी बेन पटेल करेंगी। मनीष सिंह आकाशवाणी समाचार वाराणसी।*

——————

**प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए नामाकंन प्रक्रिया जारी है। मिर्ज़ापुर के 397 मंझवा विधानसभा उप निर्वाचन के लिये आज 10 लोगों ने नामांकन पत्र खरीदा। मझवां सीट के लिए अब तक कुल 22 नामांकन पत्र खरीदे गये हैं। बहुजन समाज पार्टी ने आज प्रदेश की करहल विधानसभा सीट के लिए अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया है। बसपा ने इस सीट से अवनीश कुमार शाक्य को उम्मीदवार बनाया है। इस सीट पर सपा तेजप्रताप यादव को पहले ही अपना प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। इसके साथ ही सपा ने अब तक कुल छह सीटों के लिए अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है। वहीं भाजपा ने अभी उपचुनाव के लिए प्रत्य़ाशियों के नामों का एलान नहीं किया है। इन सीटों पर 13 नवम्बर को मतदान होगा। उपचुनाव को लेकर आज मुख्यमंत्री योगी**

आदित्यनाथ ने लखनऊ स्थित मुख्यमंत्री आवास पर एक अहम बैठक की। पेश है एक रिपोर्ट....

*मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज हुई बैठक में टीम–30 को उपचुनाव में सभी 9 सीटें जीतने का टारगेट दिया। बैठक में सभी 9 सीटों को जीतने के प्लान पर रणनीति तैयार की गयी। बैठक में जिन–जिन जिलों में चुनाव होने हैं, वहां के प्रभारी मंत्रियों, जिला अध्यक्ष, संगठन के पदाधिकारियों के साथ एक–एक बूथ को मजबूत करने पर मंथन किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी प्रभारी मंत्री संगठन के साथ सामंजस्य बनाकर अपने–अपने क्षेत्रों में मजबूती से कार्य करें। उपचुनाव को लेकर पार्टी अपने प्रत्याशियों के नामों को जल्द ही अंतिम रुप देने वाली है। वहीं पार्टी ने उपचुनाव में रालोद को एक सीट दी है। उधर समाजवादी पार्टी ने भी चुनावी तैयारियां तेज कर दी हैं। सपा प्रदेश अध्यक्ष ने संशोधित मतादाता सूची उपलब्ध कराने के लिए राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन दिया है। समाचार कक्ष से आकाशवाणी समाचार के लिए शैलेंद्र शर्मा।*

——————————

रामपुर की जिला अदालत में आज पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान समेत छह आरोपियों पर गवाह को धमकाने के मामले में आज आरोप तय किए गए। अब 24 अक्टूबर को मामले की सुनवाई होगी। वर्ष 2022 में शहर कोतवाली में आजम खान सहित 6 लोगों के खिलाफ इस मामल में मुकदमा दर्ज कराया गया था।

——————————

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की प्राविधिक शिक्षा अध्यापन सेवा परीक्षा 2021 में धांधली की आशंका को लेकर लोक सेवा आयोग के उप सचिव अधिकारी ने दो लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कराया है। यह मामला भदोही के

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कारपेट टेक्नोलॉजी के निदेशक की सूचना पर दर्ज हुआ है परीक्षा से संबंधित वाइस क्लिप मिलने पर आईआईसीटी के निदेशक ने मामले की शिकायत आयोग से की थी। इस ऑडियो क्लिप में अज्ञात व्यक्ति से बात कर परीक्षा को प्रभावित व अनुचित लाभ प्राप्त किये जाने का प्रयास सामने आया था। मामला दर्ज होने के बाद भदोही पुलिस जांच में जुट गई है। 20 अक्टूबर को होने वाली इस परीक्षा को आयोग ने स्थगित कर दिया है। उधर मुख्य्‍ सचिव मनोज कुमार सिंह ने कल एक बैठक में पीसीएस परीक्षा को नकलविहीन और पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराने के लिए फुलप्रूफ व्यवस्था किये जाने के निर्देश दिये।

——————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————

मऊ में समाजवादी पार्टी के घोसी लोक सभा संसदीय क्षेत्र से सांसद राजीव राय पर जिला चिकित्सालय के

डॉक्टर से दुर्व्यवहार, सरकारी काम में बाधा समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है। यह मुकदमा थाना सरायलखंसी में दर्ज हुआ है। तहरीर देने वाले डाक्टर सौरभ त्रिपाठी ने बताया है कि घोसी सांसद राजोव राय 10 से 15 लोगों के साथ उनके चेंबर में आए और उनके ऊपर अभद्र टिप्पणी की। इस संबंध में क्षेत्राधिकारो नगर अंजनी कुमार पांडेय ने बताया कि जिला चिकित्सालय के डाक्टर की तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

——————

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सर संघ चालक डा. मोहन राव भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले आज शाम मथुरा पहुंच गए। श्री भागवत संघ के शताब्दी वर्ष के शुभारम्भ होने पर परखम में आयोजित होने वाली संघ की अखिल भारतीय कार्यकारी मण्डल की बैठक में हिस्सा लेंगे। कार्यकारी मण्डल की बैठक 25 और 26 अक्टूबर को होगी। बैठक में 46 प्रांतों के प्रांत प्रचारक संघ चालक, सह संघचालक, संघ कार्यवाह सहित 400 लोग होंगे शामिल। मथुरा के जिलाधिकारी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर प्रशासन ने पूरी तैय़ारी कर ली है। बाइट....डीएम मथुरा

*जैसा कि हम लोग सभी जानते हैं कि सरसंघ संचालक जी का जेडप्लस सिक्योरिटी है। उसको दृष्टिगत रखते हुए वहां पर जहां उनका प्रवास हो रहा है, जहां उनके विभिन्न कार्यक्रम हैं उनको देखते हुए सभी*

*संबंधित विभाग चाहे एरिगेशन विभाग हो, चाहे हेल्थ विभाग हो या पुलिस और प्रशासन हो सबके साथ हम लोगों ने बैठकें कर लिया है और सबके दायित्व वहां पर बता दिये गये हैं। क्या–क्या दायित्व हैं उसके हिसाब से हम लोगों की तैयारियां कम्पलीट हो चुकी है।*

——————

**भारतीय वायु सेना की सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले एरोबेटिक टीम ने आज कानपुर वायु सेना स्टेशन चकेरी में वायु सेना की 92वीं वर्षगांठ समारोह के हिस्से के रूप में प्रदर्शन किया। समारोह के दौरान सारंग एरोबैटिक टीम के पायलटों के असाधारण कौशल और सटीकता भरे प्रदर्शन से लोग रोमांचित हो गए। वायु सेना के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कई गणमान्य अतिथि कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। सारंग एरोबेटिक टीम की सदस्य पल्लवी ने इसके बारे में बताया। बाइट...**

*कानपुर में प्रदर्शन किया, जिसमें हमने अलग–अलग फार्मेशन को दर्शाया, जिसमें हमने आत्मनिर्भरता को दर्शाते हुए इंडिया फार्मेशन बनायी, डायमंड फार्मेशन बनायी, रेजिलिटी को दर्शाने के लिए क्रास ओवर ब्रिज लेवल पर लेवल एज और कानपुर की जनता का जोश इतना अच्छा रहा तो हमने उनके लिए स्पेशल आर्ट फार्मेशन बनायी।*

——————

**प्रयागराज के संगम तट पर आयोजित होने वाले महाकुंभ–2025 की तैयारियां जोरों पर हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाकुंभ को दिव्य और भव्य बनाने के लिए खुद इसकी तैयारियों की लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं। महाकुंभ को अंतरराष्ट्रीय स्तर की बुनियादी सुविधाओं से**

परिपूर्ण करने के साथ ही सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी इस अभेद्य बनाने के लिए रणनीतियां तैयार कर ली गई हैं। इस बार महाकुंभ में श्रद्धालुओं को सात स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के चक्रव्यूह से सुरक्षित किया जा रहा है, जिसमें 37 हजार से अधिक पुलिसकर्मी तैनात होंगे। इसके साथ ही संपूर्ण मेला अवधि के दौरान 10 प्रकार के सुरक्षा ऑपरेशन भी चलाए जाएंगे।

————————

रणजी ट्रॉफी के एलीट ग्रुप सी के लिए लखनऊ में उत्तर प्रदेश और हरियाणा के बीच हो रहे मैच में हरियाणा ने आज दूसरे दिन 9 विकेट के नुकसान पर 431 रन बना लिए हैं। हिमांशु राणा के बाद धीरू सिंह ने शतक पूरा करके 103 रन बनाए। उत्तर प्रदेश की ओर से विपराज निगम और शिवम् शर्मा ने तीन तीन विकेट लिए। 2 विकेट यश दयाल ने लिए और एक विकेट सौरभ कुमार ने लिया।

————————